सत्यमेव जयते

राज निवास
दिल्ली-११००५४
RAJ NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

D.O. No.: RN/2025/11
Dated: 06.01.2025

## संदेश

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिल्ली प्रदेश उर्स कमेटी हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 813वें उर्स के अवसर पर, 07 जनवरी 2025 को अजमेर शरीफ दरगार पर पवित्र चादर पेश कर रही है।

हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दुनिया में अमन के पैरोकार और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक थे, इसलिए ही अजमेर शरीफ की दरगाह पर उनके आगे सजदा करने वालों में सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं। देश में भाईचारे का संदेश देने वाले ख़्वाजा साहब मजलूमों के प्रति रहम दिली की वकालत करते थे, जिसकी वजह से वह गरीब नवाज़ कहलाए। उनका सालाना उर्स भी समाज को नि:स्वार्थ सेवा भाव के साथ अहिंसा और प्रेम की राह पर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करता है।

मैं दुआ करता हूं कि हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती साहब मेरी चादर कबूल करें और हम सभी पर अपनी रहमत बनाए रखे।

(विनय कुमार सक्सेना)